केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो० 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम सम्पर्क
मो० 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 08 शनिवार 27 जुलाई 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### मण्डलायुक्त, डीआईजी ने किया कांवड यात्रा तैयारियों का निरीक्षण



—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती । श्रावण माह में कावड़ यात्रा कार्यक्रम को देखते हुए मंडलाायुक्त अखिलेश सिंह एवं आईजी आर.के. भारद्वाज ने बस से व्यवस्था में लगे अधिकारियों के साथ भदेश्वरनाथ मंदिर से राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर जिले की सीमा घघौआ तक जाकर मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थान–स्थान पर पेड़ों की छटाइ, बिजली के ढीले तारों को सही करने, सड़क को गड्ढा मुक्त करने एवं समुचित प्रकाश की व्यवस्था कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि सभी कार्य समय से पूरे कर लिए जाएं। इसके मद्देनजर होटल, धर्मशाला आदि की नियमित चेकिंग पुलिस विभाग द्वारा की जाए। सुरक्षा की दृष्टिकोण से मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों की फोर्स के साथ ड्यूटी लगाई जाए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थान–स्थान पर पड़े कूड़ा हटवाने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सड़क की पटरी पर कहीं भी बिल्डिंग मटीरियल बालू , मोरंग, गिट्टी ना रखा जाए। उन्होंने स्थान–स्थान पर सड़क के किनारे अतिक्रमण हटाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि सड़क के किनारे कोई भी गाड़ी पार्क ना हो ताकि आवागमन को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।

### 1 अगस्त से प्रभावी होगा अचल सम्पत्तियों का नया मूल्यांकन

—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती । जनपद हेतु अचल सम्पत्तियों के मूल्यांकन के लिए नई पुनरीक्षित मूल्यांकन सूची आगामी 1 अगस्त 2024 से प्रभावी होने जा रही है, की संशोधित प्रस्तावित मूल्यांकन सूची तैयार कर ली गयी है। उक्त जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी (वि. / रा.) प्रतिपाल चौहान ने बताया है कि जो जन्सामान्य के अवलोकनार्थ उनके कार्यालय, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन एवं समस्त सम्बन्धित उप निबन्धक कार्यालय में उपलब्ध है।

उन्होने जन्सामान्य से अपेक्षा किया है कि जनपद बस्ती की अचल सम्पत्तियों के मूल्यांकन हेतु तैयार की गयी प्रस्तावित मूल्यांकन सूची का अवलोकन कर लें और उक्त प्रस्तावित मूल्यांकन सूची में निर्धारित न्यूनतम दरों के सम्बन्ध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति / सुझाव हो, तो वह अपनी तर्क संगत एवं साक्ष्य जनित आपत्ति / सुझाव 29 जुलाई तक किसी भी कार्य दिवस में उपरिवर्णित कार्यालयों में प्रस्तुत कर सकता है।

### अमहट घाट के पास मिली युवक की लाश

—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती। नगर थाना क्षेत्र के अमहट पुल के पास एक युवक की लाश पुलिस ने कुआनो नदी के पास से बरामद किया है। फुटहिया चौकी प्रभारी ओमप्रकाश मिश्र ने बताया कि शव की शिनाख्त कर ली गई है।

नगर थानाक्षेत्र के कन्हौली गांव के सुग्रीव ने मौके पहुंच कर शव की पहचान सुलेमान (27) निवासी कन्हौली के रूप के रूप में की है। वह मन्दबुद्धि का बताया गया है। उसके माता–पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। चार भाइयों में सबसे छोटा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पीएम रिपोर्ट के आने बाद मौत की वजह का पता लग सकेगा।

# केशव मौर्या के बाद ब्रजेश पाठक ने भी बनाई सीएम योगी की बैठक से दूरी



**लखनऊ (आभा)।** उप मुख्यमंत्री सीएम केशव प्रसाद मौर्या के बाद दूसरे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बैठक से नदारद रहे। इससे पहले गुरूवार को केशव भी प्रयागराज मंडल की बैठक में शामिल नहीं हुए थे। इसे लेकर सियासी गलियारों में तमाम चर्चाएं हो रही हैं। योगी ने शुक्रवार को लखनऊ मंडल के सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों के साथ लोकसभा चुनाव के नतीजों की समीक्षा के दौरान कहा कि विपक्ष की ओर से सोशल मीडिया के जरिए फैलाए जा रहे अफवाहों और सामाजिक ताने–बाने को नष्ट करने के प्रयास का मुखर होकर विरोध करें। सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए विपक्ष के हर झूठ को बेनकाब करें और जनता के बीच सच लेकर जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र में युवाओं और महिला संगठनों से संपर्क और संवाद स्थापित करें। युवाओं को बताएं कि बिना किसी रिश्वत और जाति, मत, मजहब के भेद के निष्पक्ष तरीके से सरकारी नौकरियां प्रदान की जा रही है। ऐसे युवाओं से संपर्क स्थापित करें जिन्हें बिना भेदभाव और रिश्वत के नौकरी मिली हैं। अपने–अपने क्षेत्र के खिलाड़ियों से भी लगातार संपर्क बनाए रखें।

## याद किये गये कारगिल के अमर शहीद



—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती। सनातन धर्म संस्था बस्ती द्वारा कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगाँठ बहुत ही उत्साह पूर्वक मनाई गई।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास बोर्ड, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के ऑपरेशन विजय एवं ऑपरेशन सफेद सागर में बलिदान हुए सैनिकों को पुष्पचक्र, पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

26 जुलाई 1999 को इसी दिन भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध के दौरान चलाये गये ऑपरेशन विजय व आपरेशन सागर पर सफलता पूर्वक विजय प्राप्त किया था। इसीलिए इस दिवस को कारगिल विजय दिवस के रूप में पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता रहा है। सनातन धर्म संस्था द्वारा आयोजित कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में योद्धा के रूप में लड़े हुये कई सैनिको ने अपने अनुभव बाँटे।

कार्यक्रम में एनसीसी के कमांडिंग ऑफीसर कर्नल प्रशांत कुमार, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिलाध्यक्ष कर्नल के सी मिश्र, प्रभारी अधिकारी ई सी एच एस कर्नल आर एस पांडेय, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल देवेंद्र गुहानी, सनातन धर्म संस्था के सदस्य शुशील मिश्र, एम डब्ल्यू ओ आर सी त्रिपाठी, एन सी सी के सूबेदार मेजर बल बहादुर तमांग, एन सी सी ऑफीसर लेफ्टीनेंट जे के शाही, सूबेदार रीवाज तमांग, नायब सूबेदार प्रेम सिंह, हवलदार विक्रम लिंका, प्रधानाचार्य मनोज सिंह, प्रमोद तिवारीए चित्रांश क्लब के अवनीश श्रीवास्तव, राजेश चित्रगुप्त आदि लोगो ने पुष्प चक्र भेंट कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान रिटायर्ड कर्नल के सी मिश्र ने कहा कि हम भारतीय सेना के पराक्रम पर गर्व करते हैं। यह लड़ाई कई मामलों में महत्वपूर्ण मानी जाती है। जहाँ एक तरफ भारतीय थल सेना ने वहीं दूसरी तरफ वायु सेना के विमानों ने अत्यन्त ऊंचाई पर अपने रण कौशल से विजय पाई वहीं दुनिया भर को भारतीय सेना की ताकत का एहसास कराया।

कर्नल प्रशांत कुमार ने बताया कि परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा और परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पाण्डेय भी एन सी सी में रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेना के अदम्य साहस और वीरता को हर भारतीय को प्रणाम करना चाहिये।

सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल देवेंद्र गुहानी ने कहा कि 25 वर्ष बीत गये परन्तु आज तक सेना का वह शौर्य हमारे दिलों में जीवित है।

कुआनो नदी के किनारे स्थित कारगिल शौर्य स्तम्भ पर पुष्पांजलि व राष्ट्र गान के बाद शुरू हुई गोष्ठी में सूबेदार ओम प्रकाश चौधरी, एम डब्लू वो आर डी पांडेय, हवलदार जी के यादव, कैप्टन आर के यादव, नायब सूबेदार एस पी उपाध्याय, सूबेदार एस पी सिंह, सूबेदार ओंकार नाथ मिश्र, सूबेदार मेजर ओ पी त्रिपाठी, हवलदार शिवाजी राना, हवलदार चंद्रशेखर शुक्ल, हवलदार अनिल यादव, हवलदार जवाहर मिश्र, अनुराग शुक्ल, पंकज त्रिपाठी, सरदार सनम सिंह, नन्हे सिंह सहित बड़ी संख्या में राष्ट्र प्रेमी जन उपस्थित रहे।

## मोची की दुकान पर पहुंचे राहुल गांधी, बैठकर जाना हाल



**सुल्तानपुर (आभा)।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को सुल्तानपुर से लखनऊ लौटते समय अचानक गाड़ी रुकवाकर एक मोची की दुकान पर पहुंच गए। मोची के बगल में जमीन पर ही बैठकर उसका हालचाल जाना। किस तरह से काम कर रहा है इसे समझने की कोशिश की। मोची ने पूछने पर राहुल को अपनी दिक्कतों से भी अवगत कराया और मदद की गुहार भी लगा दी। मोची ने एक जूता भी सिलकर राहुल गांधी को दिखाया। इस दौरान राहुल गांधी को देखकर आसपास काफी भीड़ लग गई। राहुल इससे पहले भी कई बार इसी तरह लोगों को चौंकाते रहे हैं। कभी खेतों में किसानों के पास पहुंच जाते हैं तो कभी ट्रक ड्राइवरों के साथ बैठकर बातें करने लगते हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद से राहुल अक्सर इस तरह अपने ही सुरक्षा दस्ते को हैरान कर देते हैं।

राहुल गांधी की सुल्तानपुर कोर्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी मामले में पेशी थी। सुल्तानपुर एमपी–एमएलए कोर्ट में पेश होने के बाद राहुल लखनऊ लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में कूरेभार के विधायक नगर चौराहे के पास चैत राम मोची की दुकान पर राहुल ने अपनी गाड़ी रुकवा दी। गाड़ी से उतरकर सीधे मोची की दुकान पर पहुंचे और उसके बगल में बैठ गए। अचानक राहुल गांधी को देख मोची ही नहीं आसपास के लोग भी हैरान रह गए। लोगों ने मोबाइल फोन निकालकर वीडियो और फोटो बनाना शुरू कर दिया।

गुमटी वाली दुकान में चैत राम के बगल में ही बैठकर राहुल गांधी ने उनसे हाल चाल लिया। चौत राम मोची ने बताया कि जिस जूते को हम सील रहे थे, राहुल ने अपने हाथ में लेकर देखा। राहुल गांधी ने पूछा कि कैसे बनाते हैं। इसपर बना कर दिखाया। उन्होंने ये भी जाना कि घर का भरण–पोषण कैसे चलता है।

## पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी को असम का प्रभारी बनाये जाने पर प्रसन्नता



—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी जी को आसाम राज्य का प्रभारी बनाये भाजपा नेता अनूप खरे ने अपने साथियों के साथ मुलाकात कर प्रसन्नता व्यक्त किया।

भाजपा नेता अनूप खरे ने कहा की हरीश द्विवेदी जी के असम के प्रभारी बनाए जाने से पूर्वांचल की गरिमा बड़ी है और कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा है। पिछले दिनों चुनाव में कार्यकर्ता का मनोबल टूट गया था पार्टी के इस निर्णय से कार्यकर्ता एक बार पुनः उत्साहित है ।

प्रसन्नता व्यक्त करने वालों में कौशलेन्द्र पांडेय, भूपेंद्र सिंह ,अजय पांडेय, अमृत वर्मा आदि शामिल रहे।

# समाजवादियों ने स्थापित किया 'संविधान मान स्तंभ',पीडीए के लिये जारी रहेगा सपा का संघर्ष

—भारतीय बस्ती संवाददाता—



बस्ती । समाजवादी पार्टी द्वारा शुक्रवार को आरक्षण अधिकार दिवस के मौके पर पार्टी कार्यालय में प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश के अनुरूप 'संविधान मान स्तंभ' स्थापित किया गया। सपा के जिला उपाध्यक्ष जावेद पिण्डारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सपा विधायक राजेन्द्र चौधरी, कविन्द्र चौधरी अतुल, पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय आदि ने 'संविधान मान स्तंभ' स्थापना के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

वक्ताओं ने कहा कि आरक्षण की संकल्पना महात्मा ज्योतिराव फुले की है। ज्योतिराव फुले का उद्देश्य सभी को संख्या के अनुपात में आरक्षण देना था। 26 जुलाई सन 1902 को राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने संस्थान में आरक्षण का अमल शुरू किया। बाबा साहब ने आरक्षण को संवैधानिक दर्जा 26 जनवरी 1950 को दिया। उनका उद्देश्य हजारों सालों से जिनको संख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं था, उनको आरक्षण देना था अर्थात बहुजन समाज को राजनीतिक जमात बनाने के लिए उनमें से ही प्रशासक वर्ग निर्माण करना था। इसमें महात्मा ज्योतिराव फुले का अधूरा काम राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने करवीर अर्थात कोल्हापूर संस्थान में पूरा किया और महात्मा ज्योतिराव फुले और राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज का अधूरा काम बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी ने भारतीय संविधान में आरक्षण की व्यवस्था करके पूरा किया। संविधान के मूल उद्देश्यों की रक्षा के लिये समाजवादी पार्टी अपना संघर्ष जारी रखेगी।

सपा विधायक राजेन्द्र चौधरी, कविन्द्र चौधरी अतुल, पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, मो. स्वालेह, समीर चौधरी, अजय यादव, रहमान सिद्दीकी, रन बहादुर यादव, हृदयराम यादव, रजनीश यादव, विपिन त्रिपाठी, राम सिंह यादव आदि ने 'संविधान मान स्तंभ' स्थापित करने के बाद कहा कि यह सरकार युवकों को नौकरियां भी सिर्फ इसलिए नहीं दे रही है जिससे कहीं आरक्षण न देना पड़ जाए और दलित, पिछड़े वंचितों को उनका हक न मिल पाए। समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी का मानता है कि नीति के आधार पर गणना ताकि समानुपातिक आधार पर सबको सम्मान बार हक अमिल हो सके। डॉ० राममनोहर लोहिया ने सबके विकास के लिए पिछड़ों को विशेष अवसर दिए जाने की मांग उठाया था। हम सब लामबंद होकर नफरत का खेल खेलने वालों को सफल नहीं होने देंगे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का वैचारिक संघर्ष जारी रहेगा। समाजवादी लोग पीडीए की लडाई अनवरत जारी रखेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरविन्द यादव, फौजदार यादव, ज्ञानचन्द्र चौधरी, इन्द्रावती शुक्ल, बबिता गौतम, शकुन्तला चौरसिया, युनुस आलम, लोकेश यादव, विकास यादव, प्रशान्त यादव, भोला पाण्डेय, मो0 सलीम, रामचन्द्र यादव, राजेन्द्र यादव, तूफानी यादव, गौरीशंकर यादव, पवन यादव, राहुल सोनकर, गिरीश चन्द्र, दाउद खान के साथ ही पार्टी के अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

## अग्निवीरों को यूपी पुलिस, पीएसी में मिलेगा आरक्षण

**नई दिल्ली (आभा)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की सेवा करके लौटने वाले अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएएसी बल में आरक्षण देने की सुविधा उपलब्ध कारएंगे। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के रूप में देश को ट्रेंड और अनुशासित युवा सैनिक मिलेंगे। सीएम योगी ने कहा कि विरोधियों का काम हर प्रगति और रिफॉर्म वाले कार्य में अड़ंगा लगाने, टांग अड़ाने और अफवाह फैलाने का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। बीते 10 साल में भारत में बेहतरीन रिफॉर्म हुए हैं। कहा कि भारतीय सेना के आधुनिकीकरण और इसके साजो–सामान के मामले में हम आत्मनिर्भरता की ओर से बढ़ रहे हैं। नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की बैठक में शामिल होने से पहले शुक्रवार शाम यहां अपने सरकारी आवास पर सीएम योगी मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

## नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने डीएम को सौंपा ज्ञापन:बीडीए से मालवीय रोड का निर्माण शीघ्र कराने की मांग

—भारतीय बस्ती संवाददाता—



बस्ती । शुक्रवार को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नेहा वर्मा ने अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता अंकुर वर्मा के साथ जिलाधिकारी रवीश गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि मालवीय रोड का निर्माण विकास प्राधिकरण से कराया जाय।

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नेहा वर्मा ने जिलाधिकारी को बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में स्थित मालवीय रोड की स्थिति दयनीय है और सड़कों पर बड़े–बडे गड्ढे हो गये हैं। लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है। बरसात के दिनों में संकट और बढ जाता है। मालवीय रोड सड़क का निर्माण विकास प्राधिकरण द्वारा कराये जाने का आदेश जारी किया गया है। डीएम से मांग किया कि विकास प्राधिकरण द्वारा मालवीय रोड़ का निर्माण शीघ्र शुरू कराया जाय जिससे लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सके। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता अंकुर वर्मा ने बताया कि डीएम ने आश्वासन दिया है कि विकास प्राधिकरण की बैठक में इसे रखा जायेगा और शीर्ध निर्माण कार्य कराया जायेगा।

## मुण्डेरवा में खाली स्थान पर अग्निशमन केन्द्र बनवाये जाने की मांग: डीएम को सौंपा ज्ञापन

—भारतीय बस्ती संवाददाता—



### –प्रस्तावित स्थान पर अग्निशमन केन्द बना तो ध्वस्त हो जायेंगे कई मकान –डीएम ने दिया जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन

बस्ती । नगर पंचायत मुण्डेरवा वार्ड नम्बर तीन लोहिया नगर राजस्व ग्राम बढौनी उर्फ शिवपुर के नागरिकों ने सभासदों और सरदार सेना के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और 5 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी से वार्ता कर अग्निशमन केन्द्र किसी अन्य खाली भूमि पर बनवाये जाने की मांग किया।

बढौनी उर्फ शिवपुर निवासी जुगुल किशोर चौधरी ने बताया कि नगर पंचायत मुण्डेरवा वार्ड नम्बर तीन लोहिया नगर में जहां सैकड़ो वर्षों से लोग बसे हैं और कच्चा, पक्का मकान भी बनवा लिया है उस गाटा संख्या 419 ग / 0. 404 हेक्टेयर भूमि पर अग्निशमन केन्द्र बनाये जाने का प्रस्ताव कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में कई मकान ध्वस्त हो जायेंगे और अनेक परिवारों को खुले आसमान के नीचे गुजर बसर करना पडेगा। जुगल किशोर चौधरी के साथ आये ग्रामीणों राम दास, दिलीप कुमार सिंह, जय प्रकाश चौधरी, महादेव, कुन्ज बिहारी सिंह, राधेश्याम चौधरी, सोनू, राम उजागिर, हफीजुन्निशां, कमरून्निशां के साथ ही बड़ी संख्या में आये ग्रामीणों ने डीएम से मांग किया कि अग्निशमन केन्द्र किसी खाली स्थान पर बनवाया जाय। यदि यहां बना तो कई घर ध्वस्त हो जायेंगे।

सरदार सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी बृजेश पटेल ने बताया कि जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुये जांच टीम मौके पर भेजा है। ग्रामीणों का घर बचाने के लिये सरदार सेना संघर्ष करने को बाध्य होगी। सरदार सेना जिलाध्यक्ष विनय चौधरी, मुण्डेरवा नगर पंचायत के सभासद हरिश्चन्द्र भारती, गुलाब चन्द्र कन्नौजिया, कृष्णलला, आलोक कुमार चौधरी, राधेश्याम पाल, किस्मत अली, हाजी अब्दुल वहाब, राम प्रकाश मिश्रा, सरिता चौधरी, चन्द्रमोहन भट्ट, मनीराम, प्रर्मिला अग्रहरि के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों गोपाल सिंह, संतलाल, धर्मदेव मौर्य, लोकनाथ, मन्तू, मकबूल, जोगिन्दर, कोईल, झिनकाई, कुन्ज बिहारी सिंह, पप्पू, विजय चौधरी, गुड्डू, सन्तोष कुमार, रीता, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, मनोज सिंह, रामशंकर चौधरी, लल्लू चौधरी, मारूततेन्द्र प्रताप सिंह, महादेव, सहदेव, सुभावती, किस्मती, मंजू, सुमन आदि ने मांग किया कि किसी का घर न उजाड़ा जाय, अग्निशमन केन्द्र को किसी खाली स्थान पर बनवाया जाय।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 164 मरीजों का उपचार: दिया एड्स से बचाव की जानकारी

—भारतीय बस्ती संवाददाता—



बस्ती। लिंक वर्कर स्कीम परियोजना के तहत उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी एवं नाको भारत सरकार के दिशा–निर्देशन में जिला एड्स नियंत्रण समिति बस्ती के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भरू विकासखंड कप्तानगंज बस्ती में ग्रामीण विकास सेवा समिति द्वारा किया गया । शिविर में 164 मरीजों का उपचार कर उन्हें निशुल्क औषधि और एड्स से बचाव की जानकारी दी गई।

शिविर का आयोजन ग्राम प्रधान सुखलाल एवं चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वी०के० शर्मा द्वारा फीता काट कर किया गया । शिविर के दौरान प्रवासी, प्रवासी की पत्नी, ट्रक ड्राइवर, ट्रक ड्राइवर की पत्नी, गर्भवती महिला, टीबी मरीज, उच्च जोखिम पूर्ण व्यवहार करने वाले महिला, पुरुष की एचआईवी की जांच एवं काउंसलिंग अशोक कुमार त्रिपाठी लैब टेक्नीशियन तथा एच०आई०वी० से सम्बंधित काउंसलिंग अपर्णा मिश्रा एवं एस०टी०आई० की काउंसलिंग प्रज्ञा पाण्डेय जिला महिला चिकित्सालय बस्ती द्वारा किया गया । शिविर के दौरान सौ से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जाँच करायी और चिकित्सक डाक्टर वी०के० शर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कप्तानगंज द्वारा परामर्श एवं सलाह देते हुए समस्याओं से संबंधित औषधि दी गयी ।

जिला महिला चिकित्सालय की एसटीआई काउंसलर प्रज्ञा पाण्डेय ने बताया की ग्रामीण क्षेत्र में यौन जनित रोग की समस्या अधिक है,। उन्होंने बताया की कैम्प के दौरान साठ से अधिक लोगों की एस०टी०आई० की समस्या का निदान किये जाने हेतु दवा दी गयी तथा यह भी बताया गया कि इसके बावजूद अगर एस०टी०आई० की समस्या बनी रहती है तो जिला चिकित्सालय अथवा जिला महिला चिकित्सालय में पुनः आकर संपर्क करें इससे संबंधित पूर्ण जानकारी एवं दवाएं मुफ्त है।

शिविर के दौरान डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन मोहम्मद अशरफ एवं जोनल सुपरवाइजर सानू गुप्ता ने बताया कि शिविर के दौरान यदि कोई एच०आई०वी० रिएक्टिव पाया जाता है तो उनकी बेसलाइन जांच करवाते हुए एआरटी से लिंक कराने का पूरा कार्य किया जाता है । बताया कि नाको भारत सरकार एवं यूपीसैक के उद्देश्य को पूरा करने तथा एचआईवी के साथ जीवन यापन कर रहे लोगों के साथ हो रहे भेदभाव तथा कलंक रहित समाज का निर्माण करने के लिए एवं लोगों को एचआईवी से सम्बंधित सही एवं पूर्ण जानकारी देने हेतु लिंक वर्कर स्कीम परियोजना की टीम लगातार प्रयास कर रही है । इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज के विजय कुमार वर्मा लैब टेक्नीशियन, संगीता जीडीए, सुशीला यादव जीएन एम तथा जी०वी०एस०एस० के कलस्टर लिंक वर्कर अनीता देवी, खुशबू, शुभेन्द्र पाठक दया शंकर तथा अमित गुप्ता ने कैम्प को सफल बनाने में अपना योगदान दिया ।

“मुझे अखबार निकालने दो तो मैं इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता”–वेंडेल फिलिप्स

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 27 जुलाई 2024 शनिवार

## सम्पादकीय

# सूचना प्रौद्योगिकी और जोखिम

नेटवर्क का जाल जैसे–जैसे घना होता जाएगा, वैसे–वैसे इस तरह के खतरे भी बढ़ेंगे। हालांकि इसका यह कतई मतलब नहीं है कि टेक्नॉलजी से दूरी बना ली जाए। तकनीक तरक्की के लिए है, लेकिन इससे जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी और तैयारी होनी चाहिए। नेटवर्क के अपने फायदे हैं, लेकिन साथ में जोखिम भी, जिससे हम अभी–अभी गुजरे हैं। इस जोखिम को कम से कमतर करने के उपाय की जरूरत है।

एक दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी ने लगभग पूरी दुनिया को जिस तरह से प्रभावित किया है, वह न केवल दुखद, बल्कि चिंताजनक है। इसे एक आधुनिक आईटी संकट कहा जा सकता है, जिसने दुनिया भर में न सिर्फ साइबर आधारित कामकाज को प्रभावित किया, बल्कि बड़े पैमाने पर इससे परिवहन भी बाधित हुआ है। इस वजह से दुनिया को कितना नुकसान हुआ है, इसका हिसाब लगाने में अभी समय लगेगा। नुकसान का एक पहलू हवाई सेवा के नजरिये से देखा जा सकता है। एविएशन एनालिटिक्स कंपनी सिरियम के अनुसार, वैश्विक आईटी संकट या आउटेज के कारण 1,390 उड़ानें तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गईं। आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में 512, जर्मनी में 92, भारत में 56, इटली में 45 और कनाडा में 21 उड़ानें रद्द कर दी गईं। टिकट लेने से रद्द कराने और रिफंड लेने तक यात्रियों को बड़ी परेशानी झेलनी पड़ी। अमेरिका समेत कई देशों में तो रेल यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ। यह संकट इतना व्यापक है कि स्थिति के सामान्य होने में अभी कुछ समय लग सकता है।

आखिर ऐसा क्यों हुआ? माइक्रोसॉफ्ट ने बताया कि वह मध्य अमेरिकी क्षेत्र में अपनी सेवाओं की जांच कर रहा है, जिनकी वजह से दुनिया भर में अनेक प्रकार की सेवाएं बाधित हुई हैं। इस संकट से सर्वाधिक प्रभावित देशों में ऑस्ट्रेलिया का नाम सबसे पहले लिया जा रहा है, तो इस तथ्य को परखना चाहिए, हर देश को अपने–अपने स्तर पर अपने नुकसान का सही आकलन करना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया से ही शायद सबसे पहले कंप्यूटर सिस्टम के काम न करने की शिकायतें सामने आईं। वहां बैंक, एयरलाइन्स, मीडिया प्रसारण तक रुक गया। कई संस्थान ऑफलाइन काम करने को मजबूर हो गए। अभी तक की सूचनाएं यही इशारा करती हैं कि माइक्रोसॉफ्ट संबंधी इस संकट के पीछे एक साइबर सुरक्षा फर्म क्राउडस्ट्राइक का हाथ है। कोई ऐसा अपडेट किया जा रहा था, जो बुनियादी रूप से वैश्विक साइबर तंत्र के अनुरूप नहीं था। यह कोई साइबर हमला नहीं था, बल्कि सेवा में कुछ अपडेट करने के चक्कर में यह महासंकट खड़ा हो गया। जिम्मेदार कंपनियां इस संकट के लिए तैयार नहीं थीं, तो जाहिर है, साइबर सुरक्षा कंपनी क्राउडस्ट्राइक के साथ ही माइक्रोसॉफ्ट को भी आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ेगा। विकसित देशों में अनेक कंपनियां इस संकट की भरपाई या मुआवजा मांगेंगी। वाकई, यह एक ऐसा संकट है, जिसे उदारता बरतते हुए भुला देना आने वाले समय के लिए बहुत भारी पड़ सकता है। यदि इरादतन कोई अपराध नहीं हुआ है, तब भी जो लापरवाही या उदासीनता बरती गई है, उसका माकूल हिसाब होना चाहिए।

हालांकि, इसमें कोई दोराय नहीं कि माइक्रोसॉफ्ट अपने पैमाने पर सक्रिय होगी और फिर ऐसी कोई नौबत नहीं आएगी, पर यह दुनिया की तमाम सरकारों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए जागने व तैयार होने का समय है। ध्यान रहे, ऐसे संकट से अपराधियों का मनोबल बढ़ता है और वे अपनी साजिश में ऐसी कमियों का लाभ उठाने का दुस्साहस कर सकते हैं। अभी तक डार्क वेब दुनिया में यह बात पता चल चुकी होगी कि इस संकट को कैसे अंजाम दिया गया और अर्थव्यवस्था या सेवा का कौन सा क्षेत्र सर्वाधिक प्रभावित हुआ। अतः साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों के लिए चुनौती बहुत बढ़ गई है। सरकारों को भी नए सिरे से प्रबंध करना चाहिए, ताकि बड़ी आईटी कंपनियां अपने आर्थिक लाभ के लिए साइबर सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता न करने पाएं।

# किसान आंदोलनः वार्ता से निकलेगा समाधान



– ललित गर्ग–



मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट में वित्त मंत्री ने सरकार की जिन 9 प्राथमिक्ताओं का जिक्र किया उसमें विकसित भारत लिये रोजगार, महंगाई नियंत्रण, कृषि, महिला–युवा विकास के साथ–साथ मध्यम वर्ग के लिये पहली बार सकारात्मक सोच सामने आयी है। बावजूद इसके विपक्षी दल किसी न किसी बहाने उसका विरोध करते हुए संसद में हंगामा बरपा रहे हैं। सभी क्षेत्रों के लिये न्यायसंगत एवं विकास योजनाओं के बावजूद विरोध होना अतिश्योक्तिपूर्ण है। विपक्षी दल इस आरोप के सहारे बजट का विरोध कर रहे हैं कि उसमें अन्य राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है। इस विरोध का आधार बिहार और आंध्र प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए विशेष घोषणाएं के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की वैधानिक गारंटी और अन्य मांगों को लेकर किसी तरह की घोषणा न करने के मुद्दे हैं। विपक्षी दल किसान आन्दोलन को उग्र करने के प्रयास करेंगे। ऐसा इसलिये भी लग रहा है कि बुधवार को ही नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से नई दिल्ली में मुलाकात करने के बाद किसान नेताओं ने साफ भी कर दिया है कि दिल्ली मार्च का उनका कार्यक्रम जारी रहेगा। संसद सत्र जारी है, ऐसे में किसान आंदोलन को लेकर प्रतिपक्ष सरकार पर हमलावर होगा, एक बार फिर किसान आन्दोलन के उग्र से उग्रतर होने की संभावनाएं हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने किसान–आन्दोलन से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए पंजाब–हरियाणा से सटे शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बनाए रखने का औचित्यपूर्ण आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी अहम है कि एक 'तटस्थ मध्यस्थ' की आवश्यकता है जो सरकार और किसानों के बीच विश्वास कायम कर सके। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक कमेटी बनाने का प्रस्ताव भी दिया है। प्रश्न है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल न्यायालय के इस महत्वपूर्ण सुझाव को आकार देने की बजाय किसान–आन्दोलन को उग्र करने की मंशा रखते हुए अराजक माहौल ही क्यों बनाना चाहते हैं? क्यों अव्यवस्था फैलाने चाहते हैं? निश्चित ही शंभू बॉर्डर खोले जाने पर कानून–व्यवस्था को लेकर संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यह बात सही है कि शंभू बॉर्डर खोले जाने से आंदोलनरत किसानों के दिल्ली कूच की राह खुल सकती है। आंदोलनरत किसान संगठन पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि जब भी सीमाएं खुलेंगी, किसान ट्रैक्टर ट्रॉलियों के साथ दिल्ली की ओर बढ़ेंगे। शीर्ष अदालत हरियाणा सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें उसे एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू सीमा पर बैरिकेड्स हटाने के लिए कहा गया था जहां किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं।

केन्द्र सरकार एवं विपक्षी दलों को मिलकर इस विकट समस्या का समाधान निकालने के लिये कोई सार्थक प्रयास करने चाहिए। किसानों के भरोसे को जीतने की कोशिश होनी चाहिए। लेकिन नेशनल हाई–वे पर जेसीबी और बख्तरबंद ट्रैक्टर ट्रॉली की इजाजत तो इस समस्या का समाधान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने विशेषज्ञों की समिति के जरिए बातचीत का जो प्रस्ताव दिया है उस पर सरकार की प्रतिक्रिया आनी बाकी है। लेकिन दोनों पक्षों को ही आंदोलन खत्म करने के लिए बातचीत के माध्यम से समाधान का रास्ता निकालने की पहल करनी होगी। किसान आंदोलन के उग्र रूप को भी यह देश देख चुका है, भारी नुकसान भी हुआ है। किसानों की समस्याएं अपनी जगह हैं और इनकी आड़ में होने वाली राजनीति अपनी जगह। वैसे भी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और कर्ज माफी जैसे मुद्दों पर समिति के गठन का प्रस्ताव केन्द्र सरकार पहले ही दे चुकी है। यह बड़ा सच है कि बात करने से ही बात बनती है। बातचीत की हर संभावना का स्वागत किया जाना चाहिए। किसी भी आंदोलन का लंबे वक्त तक जारी रहना सचमुच चिंताजनक है। ऐसे आन्दोलन को उग्र करने की विपक्षी दलों की मानसिकता भी संदेहों एवं अविश्वासों से घिरी है। अच्छा हो कि विपक्षी दल एवं नेता प्रचार पाने के लिए विरोध की बेतुकी रस्म निभाने के बजाय बजट में कृषि क्षेत्र के लिये किये गये बड़े ऐलानों पर गौर करें। सरकार ने एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं। इनमें कृषि उत्पादकता को बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए मौसम में बदलाव को बरदाश्त कर सकने वाली फसलों की प्रजातियों को विकसित करने पर जोर दिया गया है। इसके लिए एग्रीकल्चर रिसर्च के बजट को भी बढ़ाया गया है।


विपक्षी पार्टियां लगातार किसानों एवं कृषि को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास कर रही हैं। कोई न कोई बहाना चाहिए विरोध का, अब किसान–आन्दोलन के सहारे अपनी राजनीति चमकाने की जुगत में देश का कितना नुकसान होगा, कहा नहीं जा सकता। जबकि भाजपा सरकार द्वारा भारतीय अर्थ–व्यवस्था की वृद्धि और विकास में कृषि की भूमिका को ध्यान में रखते हुए, इस बजट में कृषि क्षेत्र पर अधिक ध्यान दिया गया है। कृषि में उत्पादकता, किसानों के हितों एवं कृषि की सुदृढ़ता को बढ़ाना बजट द्वारा निर्धारित शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। उल्लेखनीय है कि बजट में जो नौ प्राथमिकताएं शामिल है, उनमें कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के लिए करीब 1.52 लाख करोड़ रुपये के आवंटन से खेती–किसानी की दशा–दिशा सुधरने की आस बढ़ी है। विभिन्न फसलों की प्रस्तावित 109 किस्मों से भी उत्पादकता में बढ़ोतरी की उम्मीद है। ये किस्में जलवायु परिवर्तन के चलते बढ़ रही प्रतिकूल मौसमी परिघटनाओं के विरुद्ध कवच का काम करेंगी। दलहन–तिलहन को प्राथमिकता, डिजिटल क्राप सर्वे के अतिरिक्त किसान उत्पादक संघों यानी एफपीओ एवं भंडारण और आपूर्ति शृंखला पर ध्यान देने जैसे उपाय उपज को पहुंचने वाले नुकसान को घटाने एवं कीमतों में स्थायित्व सुनिश्चित करेंगे। ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ की बड़ी राशि आवंटित की गई है। भले ही सरकार ने सीधे तौर पर बजट में किसानों की आय बढ़ाने और एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित न किए जाने से किसानों को निराशा हुई हो लेकिन बजट में तिलहन में आत्मनिर्भरता, सब्जी उत्पादन केन्द्र विकसित करने और खेती के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की बात कही गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस बजट से आने वाले समय में एग्रीकल्चर सेक्टर की विकास की रफ्तार बढ़ाने में मदद मिलेगी जो सीधे तौर पर किसानों की आय भी बढ़ायेगा एवं उन्नत कृषि को प्रोत्साहन भी देगा।

असल में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की वैधानिक गारंटी और अन्य मांगें राजनीतिक मुद्दे बन गये हैं, जिनके चलते हो रहा आन्दोलन न केवल किसानों के बल्कि आम जनता के लिये भी परेशानी का सबब है। जबकि सरकार ने धान का उत्पादन करने वाले किसानों के लिए एमएसपी को बढ़ा कर 2300 कर दिया है जो स्वागत योग्य कदम है। उम्मीद थी की सरकार एमएसपी पर खरीद को सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाएगी। लेकिन बजट में इस तरह का कोई प्रावधान न होने से काफी निराशा हुई है। दुनिया भर के विकसित देश अनिवार्य रूप से किसानों की उपज को एमएसपी पर खरीदते हैं। लेकिन भारत में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता। विपक्षी दल किसानों के हित में आन्दोलन की बजाय बातचीत के रास्ते पर आगे बढ़े। स्तरीय विरोध हो, किसानों को गुमराह करने एवं उनका मनोबल कमजोर करने के लिये विपक्षी दल उजालों पर कालिख न पोते, इससे उन्हीं के हाथ काले होने की संभावनाएं है।

# नीट परीक्षा पर सुप्रीम फैसले से निकली राह



–रोहित माहेश्वरी–




नीट यूजी–2024 पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ गया है, जो कि करीब 24 लाख छात्रों के लिए राहतभरा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नीटयूजी परीक्षा कैंसिल नहीं होगी। कोर्ट ने कहा है कि गड़बड़ी के पर्याप्त सबूत नहीं हैं। नीट परीक्षा को लेकर देशव्यापी हंगामे व राजनीतिक बयानबाजियों के बावजूद यह सुखद खबर है। हालांकि, 23 जुलाई को को आए फैसले का मानवीय पक्ष यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने 24 लाख अभ्यर्थियों को होने वाली परेशानी को प्राथमिकता दी है। इसके बावजूद शीर्ष अदालत का फैसला भारत में परीक्षा प्रक्रियाओं में प्रणालीगत सुधार की आवश्यकता को रेखांकित करता है। हाल के दिनों में देश में विभिन्न रोजगारपरक प्रतियोगी परीक्षाओं व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने और संदेह के घेरे में आने के मामले लगातार उजागर होते रहे हैं। निश्चित रूप से सुनहरे भविष्य की आस में रात–दिन एक करने वाले प्रतियोगियों के साथ यह अन्याय बेहद कष्टदायक है। जो प्रतिभागियों का विश्वास व्यवस्था से उठाता है।

नीट–यूजी–2024 की परीक्षा 5 मई को हुई थी। इसमें करीब 24 लाख छात्र शामिल हुए थे। 4 जून को इसका रिजल्ट आया था। जिस पर सवाल उठे। परीक्षा में 67 छात्र टॉप कर गए। सभी को 720 में से 720 नंबर मिले। ऐसा पहली बार हुआ कि इतनी बड़ी संख्या में छात्रों ने 100 फीसदी नंबर मिले। इसके बाद मामले ने तूल पकड़ा और सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। इस मामले में सीबीआई ने कई गिरफ्तारियां भी की हैं। सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट कोर्ट में पेश की है।

सुप्रीम कोर्ट ने पुष्टि की कि नीट– यूजी 2024 पेपर लीक पटना और हजारीबाग में हुआ। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) आगे की जानकारी उजागर करने के लिए पेपर लीक के मामले में अपनी जांच जारी रखेगी वहीं न्यायालय ने काउंसलिंग और अन्य प्रवेश प्रक्रियाओं को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रखने की अनुमति दी है। इसने यह भी संकेत दिया है कि इसी तरह के मुद्दों को संबोधित करने और रोकने के लिए परीक्षाओं के भविष्य के संचालन के लिए दिशा निर्देश प्रदान किए जाएंगे।

कोर्ट के व्यावहारिक फैसले के बावजूद इस विवाद ने हमारी शैक्षिक व परीक्षा प्रणाली के भीतर व्याप्त विसंगतियों को भी उजागर किया है। बहरहाल, मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की यह टिप्पणी कि लीक परीक्षा प्रणाली का उल्लंघन नहीं है, एक अस्थायी राहत जरूर प्रदान करता है। लेकिन इस सिस्टम में अंतर्निहित कमजोरियों को संबोधित किया जाना जरूरी है। इसके बावजूद राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी यानी एनटीए और आईआईटी दिल्ली द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के अनुसार बिहार के हजारीबाग और पटना में लीक महत्वाकांक्षी चिकित्सा पेशेवरों के लिये होने वाली महत्वपूर्ण परीक्षा आयोजन के तौर–तरीकों की विश्वसनीयता पर प्रश्न तो उठाते ही हैं।

प्रभावित छात्रों के मामलों को निपटाने के लिये, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी पर न्यायालय की निर्भरता समस्या के दीर्घकालीन समाधान के बजाय एक कामचलाऊ दृष्टिकोण को ही दर्शाती है। वहीं दूसरी ओर गत जून माह में यूजीसी–नेट परीक्षा का रद्द होना भी चिंताओं को और बढ़ा देता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को अज्ञात सूत्रों से मिले तथ्यों के आधार पर शिक्षा मंत्रालय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की थी। हालांकि यह कदम छात्रों के हितों की तात्कालिक रक्षा की दृष्टि से सार्थक है लेकिन यह घटनाक्रम हमारी परीक्षातंत्र के बुनियादी ढांचे की कमजोरी को ही उजागर करता है। कह सकते हैं कि परीक्षा तंत्र की संवेदनशीलता के मद्देनजर ऐसे तदर्थवाद व पारदर्शिता की कमी छात्र समुदाय में अविश्वास व चिंता को बढ़ाते हैं।

बहरहाल, हाल की ये घटनाएं प्रतियोगी परीक्षाओं तथा परीक्षाएं आयोजित करने वाले तंत्र के ढांचे में व्यापक बदलाव की जरूरत को बताती हैं। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि एन.टी.ए. की संरचना की समीक्षा के लिये एक उच्च स्तरीय समिति की स्थापना की जाएगी, निश्चित रूप से यह संस्था की विश्वसनीयता बनाये रखने की दिशा में एक उचित कदम है। हालांकि, इसके साथ ही परीक्षाओं में सुरक्षा, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिये मजबूत उपायों को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए।

निस्संदेह, गाहे–बगाहे होने वाले परीक्षा घोटाले न केवल शैक्षणिक संस्थानों की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं बल्कि शिक्षा और कैरियर के नाजुक मोड़ पर खड़े युवा उम्मीदवारों के भविष्य को भी प्रभावित करते हैं। भारत एक युवाओं का देश है। ऐसे में अपने जनसांख्यिकीय लाभांश का सदुपयोग करने के लिये प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है।

इस घटनाक्रम के बाद सरकार को परीक्षा व्यवस्था में विश्वास बहाल करने और युवाओं की आकांक्षाओं को संबल देने के लिये इस क्षेत्र में सुधारों को वरीयता देनी चाहिए। निस्संदेह, मेडिकल प्रवेश परीक्षा के मामले के निस्तारण में सर्वोच्च न्यायालय की सक्रियता की सराहना की जानी चाहिए। बड़ी संख्या में याचिकाएं परीक्षा दोबारा आयोजित कराने के लिये दायर किये जाने के बावजूद, लाखों छात्रों के हित व वक्त की जरूरत के मुताबिक कोर्ट ने तार्किक फैसला दिया। जिसमें इस बात पर ध्यान दिया गया कि किसी गड़बड़ी से परीक्षा किस सीमा तक प्रभावित हुई है। कोर्ट ने इस बाबत ठोस व तार्किक पक्ष को प्राथमिकता दी। साथ ही परीक्षा के सामाजिक पक्षों को भी ध्यान में रखा। निश्चित रूप से जिन परीक्षार्थियों का चयन हो चुका था, उन्हें पुनः परीक्षा देने को बाध्य करना न्यायोचित नहीं कहा जा सकता।

परीक्षाओं की विश्वसनीयता को लेकर केंद्र और राज्य सरकारें चिंतित भी हैं। इसी के मद्देनजर केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 लागू किया है, जिसकी अधिसूचना पिछले माह जारी की गई थी। नीट–यूजी के मामले में केंद्र सरकार ने कुछ तात्कालिक कदम उठाए हैं। नया कानून लागू करने के साथ ही इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है और कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीक पर अंकुश लगाने के लिए नया कानून बनाया है। उत्तर प्रदेश के अलावा कई अन्य राज्यों ने भी पेपर लीक से जुड़े कानून बनाये हैं।

निस्संदेह, लाखों छात्रों के लिए परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था संदेह से मुक्त होनी चाहिए। परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिए निष्पक्ष जांच जरूरी है। अन्यथा छात्रों का व्यवस्था से भरोसा उठ जाता है। केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से बनाए गए कानूनों में प्रवेश व प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और पर्चा लीक के दोषियों को सजा के कड़े प्रावधान किए गए हैं। अब सवाल यह भी उठता है कि क्या हर राज्य में अलग–अलग कानून बना देने से पेपर लीक मामलों पर अंकुश लग पाएगा? क्या ये कदम छात्रों और अभिभावकों की परेशानी दूर करने के लिए काफी हैं? हमें समझना होगा यह कवायद मात्र रोग के लक्षणों का उपचार करना है। मूल समस्या कहीं अधिक गहरी है और इसकी जड़ों पर प्रहार करने की जरूरत है।

सुनिश्चित करना होगा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में कुशल प्रतिभाओं का चयन हो और यह तभी संभव होगा, जब इन परीक्षाओं की शुचिता कायम रखी जाए। हर महत्वपूर्ण संस्थान और एजेंसी के कार्य तभी उत्तम स्तर के होंगे, जब सुयोग्य व्यक्तियों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। साथ ही परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने संबंधी कानूनों पर कड़ाई से अमल सुनिश्चित करना जरूरी है।

# कारगिल फतहःशौर्य का टीका



–प्रो. मनोज कुमार–

युद्ध किसी समस्या का हल नहीं होता है लेकिन जब बात देश की अस्मिता, सुरक्षा और सम्प्रभुता पर आए जाए तो एकमात्र विकल्प युद्ध शेषरह जाता है। 25 वर्ष पहले भारत के चिर–परिचित दुश्मन पाकिस्तान ने दोनों देशों को युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा किया। दो माह की लम्बी लड़ाई के बाद भारत युद्ध फतह करने में कामयाब रहा. भारतीय नौजवानों ने अपने खून से भारत माता के माथे पर शौर्य का टीका लगाकर उसके मान में श्रीवृद्धि की। इस कारगिल युद्ध, जिसे ऑपरेशन विजय के नाम से भी जाना जाता है। 26 जुलाई 1999 को भारत ने कारगिल युद्ध में विजय हासिल की थी। इस दिन को हर वर्ष विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। करीब दो महीने तक चला कारगिल युद्ध भारतीय सेना के साहस और जाँबाजी का ऐसा उदाहरण है जिस पर हर भारतीय देशवासी को गर्व होना चाहिए। करीब 18 हजार फीट की ऊँचाई पर कारगिल में लड़ी गई इस जंग में देश ने लगभग 527 से ज्यादा वीर योद्धाओं को खोया था वहीं 1300 से ज्यादा घायल हुए थे। युद्ध में 2700 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और 750 पाकिस्तानी सैनिक जंग छोड़ के भाग गए।

भारत और पाकिस्तान के बीच मई और जुलाई 1999 के बीच कश्मीर के करगिल जिले में हुए सशस्त्र संघर्ष का नाम है। पाकिस्तान की सेना और कश्मीरी उग्रवादियों ने भारत और पाकिस्तान के बीच की नियंत्रण रेखा पार करके भारत की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। पाकिस्तान ने दावा किया कि लडने वाले सभी कश्मीरी उग्रवादी हैं, लेकिन युद्ध में बरामद हुए दस्तावेजों और पाकिस्तानी नेताओं के बयानों से साबित हुआ कि पाकिस्तान की सेना प्रत्यक्ष रूप में इस युद्ध में शामिल थी। लगभग 30,000 भारतीय सैनिक और करीब 5000 घुसपैठिए इस युद्ध में शामिल थे। भारतीय सेना और वायुसेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाली जगहों पर हमला किया और धीरे–धीरे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से पाकिस्तान को सीमा पार वापिस जाने को मजबूर किया। यह युद्ध ऊँचाई वाले इलाके पर हुआ और दोनों देशों की सेनाओं को लडने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। परमाणु बम बनाने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ यह पहला सशस्त्र संघर्ष था।

पाकिस्तान की सेना और कश्मीरी उग्रवादियों ने रुशष्ट करके भारत की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। हालांकि इंडियन आर्मी के बहादुर जवानों ने न सिर्फ पाकिस्तान को इस लड़ाई में धूल चटाई, बल्कि शौर्य की एक ऐसी मिसाल पेश की जो इतिहास के पन्नों में अपनी जगह बना गई। इस युद्ध की शुरुआत 3 मई 1999 को ही हो गई थी जब पाकिस्तान ने कारगिल की ऊंची पहाड़ियों पर 5 हजार से भी ज्यादा सैनिकों के साथ घुसपैठ कर कब्जा जमा लिया था। भारत सरकार को जब घुसपैठ की जानकारी मिली तब पाकिस्तानी सैनिकों को खदेड़ने के लिए ऑपरेशन विजय चलाया गया। पाकिस्तान ने दावा किया था कि इस लड़ाई में लडने वाले सभी कश्मीरी उग्रवादी हैं, लेकिन युद्ध में बरामद हुए दस्तावेजों और पाकिस्तानी नेताओं के बयानों से साबित हुआ कि पाकिस्तान की सेना प्रत्यक्ष रूप में इस युद्ध में शामिल थी।

8 मई 1999 को पाकिस्तान की 6 नॉर्दर्न लाइट इंफेंट्री के कैप्टन इफ्तेखार और लांस हवलदार अब्दुल हकीम 12 सैनिकों के साथ कारगिल की आजम चौकी पर कब्जा जमाए बैठे हुए थे। उन्होंने देखा कि कुछ भारतीय चरवाहे कुछ दूरी पर अपने मवेशियों को चरा रहे थे। पाकिस्तानी सैनिकों ने आपस में इन चरवाहों को बंदी बनाने को लेकर चर्चा की, लेकिन जब उन्हें लगा कि ऐसा करने की सूरत में चरवाहे उनका राशन खा जाएंगे, तो उन्होंने उन्हें वहां से जाने दिया। कुछ देर बाद ये चरवाहे भारतीय सेना के 6–7 जवानों के साथ वहां वापस लौटे, और पाकिस्तान के नापाक इरादों की पोल खुल गई।

